15.4.25

APP-A
crim-I

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत जिला मजिस्ट्रेट मुकाम बून्दी (राजस्थान)

JM Financial Asset Re.Co. Ltd बनाम सुरेश सुवालका नि. मांगली कलां तह. हिण्डोली

किस्म मुकदमा प्रार्थनापत्र नं. 11/2025 सन् 2025/37

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01-4-25	प्रार्थी JM Financial Asset Reconstruction Co.Ltd. द्वारा यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 वास्ते ऋणी की प्रतिभूत सम्पत्ति का कब्जा लेने में सहायता प्रदान किये जाने जरिये अधिवक्ता श्री प्रेरित गोयल पेश किया गया। वकील प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थना पत्र प्रार्थी दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थना पत्र के संलग्न अधिनियम की धारा 3(4) के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कम्पनी की ओर से पेश नहीं किया गया, जो आगामी पेशी पर पेश किया जावे। पत्रावली वास्ते पूर्ति एवं सुनवाई में दिनांक 15/04/2025 को पेश हो।	
15/4/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 3(4) के तहत वांछित कम्पनी का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र पेश नहीं किया गया। प्रार्थना पत्र अपूर्ण होने से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के तहत हस्तगत कार्यवाही चलने योग्य नहीं है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी अस्वीकार किया जाता है। पत्रावली फैसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर करवाई जावे। जिला मजिस्ट्रेट, बून्दी	